
# वाराणसी में देव दीपावली का भव्य उत्सव

- 3 चरणों में होगा काशी की संस्कृति और इतिहास का प्रदर्शन
- आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी का अद्भुत दृश्य

**10** लाख दीपों और लेजर शो से गंगा तट जगमगाएगा

**20** सेक्टर में घाटों को बांटकर हर क्षेत्र में नोडल अधिकारी तैनात किए गए

- दीपों की रौशनी से सजा गंगा तट
- घाटों और गलियों को सजाया



**वाराणसी, 5 नवंबर. काशी में आज देव दीपावली के भव्य अवसर पर घाटों और तटों को दीपों और रोशनी से सजाया जाएगा. इस साल लगभग 10 लाख से अधिक दीयों की चमक से गंगा तट जगमगाएगा. यूपी संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि घाटों को 20 सेक्टर में बांटकर हर क्षेत्र में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं.**

नमो घाट, शीतला घाट, दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट पर शाम 6 से 6.50 बजे तक विशेष गंगा आरती होगी. आरती के दौरान मंत्रोच्चार, घंटों की गूंज और दीपों की झिलमिलाहट श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव प्रदान करेगी. चेत सिंह घाट पर तीन चरणों में लेजर और प्रोजेक्शन शो का आयोजन होगा, जिसमें काशी की पौराणिकता, अध्यात्म और संस्कृति को 3डी प्रभावों, ध्वनि और प्रकाश के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा. पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए.

### देव दीपावली पर घाटों पर लाखों दीपों का नजारा

वाराणसी में कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के अवसर पर घाटों और गलियों में भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का दृश्य देखने को मिल रहा है. लाखों श्रद्धालु और पर्यटक सायंकाल काशी के प्रमुख घाटों पर दीप प्रज्वलित होते देखने के लिए पहुंचे. जिला प्रशासन ने कार्यक्रमों की पूरी सूची जारी की है. शाम 5.15 से 5.45 बजे तक घाटों पर दीप प्रज्वलित होंगे. इसके बाद 6.00 से 7.00 बजे तक गंगा आरती का आयोजन होगा. चेतसिंह किला पर थ्री डी प्रोजेक्शन और लेजर शो का भव्य प्रदर्शन तीन सत्रों में आयोजित होगा. इसके अलावा, ललिता घाट और अन्य प्रमुख घाटों पर रेत में ग्रीन आतिशबाजी का अद्भुत नजारा दिखेगा.



# तूफान मेलिसा से 30 मौतें, 15 लाख प्रभावित

**संयुक्त राष्ट्र, 05 नवंबर. संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचायी है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गयी और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं.**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं. लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं. स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं. संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है. इसी के साथ संयुक्त राष्ट्र की आपदा मूल्यांकन और समन्वय टीम राहत कार्यों का संचालन कर रही है और जमैका सरकार के साथ मिलकर सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रही है.

# 2017 में ही तय हो गया उप्र की छवि बदलेंगे

**लखनऊ, 5 नवंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं. अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा. हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे.**

जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए. इस दौरान उन्होने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे.



यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी. उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं. काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे. योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है. उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है.

### जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का औचारिक उद्घाटन, अब तक 55 लाख प्रमाण पत्र जारी

**नयी दिल्ली.** पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 का औपचारिक शुभारंभ किया। यह योजना देश भर में एक नवम्बर से शुरू है और इसके अंतर्गत पिछले चार दिनों में ही 55 लाख से ज़्यादा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह योजना 30 नवम्बर तक रहेगी और इस दौरान दो करोड़ जीवन प्रमाण पत्र का लक्ष्य रखा गया है.

# आश्वासन मिलने पर हड़ताल खत्म

- व्यवस्थागत सुधारों के वादे के बाद अस्पतालों में सेवाएँ बहाल
- राज्यव्यापी हड़ताल समाप्त, रेजिडेंट डॉक्टर लौटे ड्यूटी पर

**मुंबई, 5 नवंबर. महाराष्ट्र में रेजिडेंट डॉक्टरों की राज्यव्यापी हड़ताल बुधवार को समाप्त कर दी गई. यह हड़ताल फलटण में एक महिला डॉक्टर की आत्महत्या के विरोध में सोमवार से जारी थी, जिससे सरकारी और नगर निगम के अस्पतालों में नियमित चिकित्सा सेवाएँ बाधित रही. केवल आपातकालीन सेवाओं तक ही मरीजों की पहुँच सीमित रही.**



इस मामले में त्वरित कार्रवाई और व्यवस्थागत सुधारों का आश्वासन

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई और व्यवस्थागत सुधारों का आश्वासन दिया. उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा और जवाबदेही तंत्र मजबूत करने का वादा किया. इसके बाद सेंट्रल महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की. हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने अस्पतालों में काम करने वाले रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा, न्याय और बेहतर कार्यस्थल की व्यवस्था को लेकर सरकार से मजबूत कदम उठाने की मांग की थी.

मुख्यमंत्री का आश्वासन मिलते ही स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करने की दिशा में राहत मिली. महाराष्ट्र में रेजिडेंट डॉक्टरों की राज्यव्यापी हड़ताल बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा व्यवस्थागत सुधारों और सुरक्षा तंत्र का आश्वासन मिलने के बाद समाप्त कर दी गई. यह हड़ताल फलटण में एक महिला डॉक्टर की आत्महत्या के विरोध में सोमवार से चल रही थी.

### अमेरिका के सबसे लंबे शटडाउन का 36वें दिन में प्रवेश

**वाशिंगटन.** अमेरिका में एक अक्टूबर से शुरू हुआ संघीय सरकार का शटडाउन बुधवार को अपने 36वें दिन में प्रवेश कर गया. यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है. इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था. इस शटडाउन की वजह से 4.2 करोड़ गरीब अमेरिकियों की खाद्य सहायता (फूड स्टैंप) रुक गई है. जो राष्ट्रीय आबादी का लगभग आठवाँ हिस्सा है और जिनमें से अधिकांश गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं.

## एक नजर में



### आज नौसेना के बेड़े में शामिल होगा जल सर्वेक्षक पोत इक्षक

**नयी दिल्ली.** देश में ही निर्मित जल सर्वेक्षण पोत इक्षक को गुरुवार को कोच्चि नौसैनिक बेस में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा जिससे नौसेना की जल सर्वेक्षण क्षमता काफी काफी बढने की संभावना है. रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस पोत को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में नौसेना में शामिल किया जायेगा. इक्षक नौसेना में शामिल किये जाने वाला अपनी श्रेणी का तीसरा पोत है और यह उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. साथ ही इससे क्षमता संवर्धन और आत्मनिर्भरता की गति को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी जल सर्वेक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता में एक नया मार्ग प्रशस्त हुआ है. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता द्वारा निर्मित पोत इक्षक में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है. यह पोत जीआरएसई और भारतीय एमएसएमई के बीच सफल सहयोग का प्रमाण है.

### भारत-पुर्तगाल ने द्विपक्षीय समझौतों पर सहमति जताई

नयी दिल्ली. भारत और पुर्तगाल ने राजनीतिक, व्यापारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा करने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौतों को लेकर हो रही बातचीत को जल्द पूरा करने पर सहमति जताई है. दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों के बीच लिस्बन में हुई बैठक में यह सहमति बनी. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय में विदेश नीति महानिदेशक सुश्री हेलेना मालकाटा की सह-अध्यक्षता में पांचवीं भारत-पुर्तगाल विदेश कार्यालय परामर्श बैठक सोमवार को हुई. विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने राजनीतिक संबंधों, व्यापार और आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की. चर्चा में रक्षा और सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यटन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर भी चर्चा हुई. दोनों पक्षों ने बातचीत के तहत द्विपक्षीय समझौतों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और इन चर्चाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए उनमें तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की. उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ संबंधों पर भी चर्चा की और साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

# मंगोलिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली लौटी एयर इंडिया

**नई दिल्ली, 5 नवंबर. मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे 228 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर एयर इंडिया की विशेष उड़ान बुधवार सुबह दिल्ली पहुंची. यह विमान मूल रूप से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आने वाली एआई174 उड़ान थी. 3 नवंबर को विमान में तकनीकी खराबी के कारण पायलटों ने सतर्कता बरतते हुए इसे उलान-बटोर में उतारा. नयी दिल्ली, 05 नवंबर.**



मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे अपने 228 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर एयर इंडिया की एक विशेष उड़ान बुधवार सुबह यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची. उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान एआई174 को विमान में तकनीकी खराबी के कारण सतर्कता बरतते हुए 03 नवंबर को स्थानीय समय अनुसार रात 7:59 बजे उलान-बटोर में उतारा गया था. विमान ने स्थानीय समय के अनुसार 02 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरी थी और उसे कोलकाता होते

## आज का इतिहास

1763 - ब्रिटिश फौज ने मीर कासिम को हराकर पटना पर क़ब्जा किया.

1813 - मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की.

1844- स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया.

1860 - अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति चुने गए.


1903 - अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की.

1937 - यशवंत सिन्हा का जन्म, वह पूर्व सिविल सेवा अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे हैं.

# चुनाव बाद बीजेपी को मिलेगा अगला अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 5 नवंबर. बीजेपी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चल रही अटकलों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने साफ कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी अध्यक्ष का चुनाव नहीं होगा. शाह ने संकेत दिया कि चुनाव के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा.**

यह बयान ऐसे समय आया है जब बीजेपी के भीतर नए नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज हैं और जेपी नड्डा के कार्यकाल को पहले ही विस्तार मिल चुका है. 'आजतक' को दिए गए एक इंटरव्यू में अमित शाह से जब पूछा गया कि पार्टी का नया अध्यक्ष कब तक चुना जाएगा, तो उन्होंने जवाब दिया—अभी बिहार चुनाव तक तो नहीं होगा, चुनाव के बाद करने का प्रयास करेंगे. शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि यह फैसला सामूहिक होगा, कोई व्यक्तिगत निर्णय नहीं. अब सभी की निगाहें बिहार चुनाव के बाद पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर टिकी हैं. जहां अगले अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग सकती है. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में संगठनात्मक फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर सस्पेंस बरकरार है. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में इस पर स्थिति साफ की है. उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष का चुनाव फिलहाल बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही होगा.



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (आईएफएफसीओ) को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है. अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई. यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है.

# रिजिजू ने राहुल के आरोपों को फर्जी

**नई दिल्ली, 5 नवंबर. कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग और भाजपा पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाने पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कड़ा पलटवार किया है. रिजिजू ने राहुल के आरोपों को फर्जी बताया और कहा कि राहुल विदेश जाकर अपने बयान देते हैं और लोगों का समय बर्बाद करते हैं. रिजिजू ने यह भी कहा कि भाजपा ने कई चुनाव हारे हैं, लेकिन कभी लोकतंत्र या चुनाव आयोग पर गाली नहीं दी.**

उन्होंने राहुल गांधी के एटम बम फटने वाले बयान का उदाहरण देते हुए कहा कि ये भी सिर्फ बयानबाजी है, हकीकत में कुछ नहीं होता. बिहार में स्क्ढ्क्र और वोटर शुद्धिकरण को लेकर रिजिजू ने कहा कि जनता खुश है, जबकि राहुल विरोध कर रहे हैं. केंद्रीय मंत्री ने लोकतंत्र पर राहुल के आरोपों को अनुचित बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में हार और जीत दोनों स्वीकार करनी चाहिए, और किसी भी गड़बड़ी की शिकायत कोर्ट में जाकर की जा सकती है. कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और चुनावी धांधली के आरोप लगाए. उन्होंने दावा किया कि कई विदेशी नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल हैं. इस पर केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने पलटवार किया और कहा कि राहुल गांधी के दावे फर्जी हैं. उन्होंने कहा कि राहुल अक्सर विदेश जाते हैं - थाईलैंड और कंबोडिया जैसी



जगहों पर ङ्क और वहां से मिली प्रेरणा पर आधारित बयान देते हैं, जिससे जनता का समय बर्बाद होता है. रिजिजू ने कहा, हमने कई चुनाव हारे, लेकिन कभी लोकतंत्र पर गाली नहीं दी. राहुल विदेशी प्रभाव में रहते हैं और मुद्दा भटकाते हैं. रिजिजू ने राहुल के एटम बम फटने वाले बयान का उदाहरण भी दिया और कहा कि यह भी सिर्फ बयानबाजी है. उन्होंने लोकतंत्र और चुनाव आयोग की प्रक्रिया को सही बताते हुए कहा कि मतदान के समय पोलिंग एजेंट और ऑब्जर्वर्स सब कुछ नियंत्रित करते हैं. अगर कोई गड़बड़ी हो, तो उसे कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है. बिहार में (सिस्टमेटिक इलेक्शन रिव्यू) को लेकर रिजिजू ने कहा कि लोग इससे खुश हैं, जबकि राहुल इसका विरोध कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव हारने पर भी लोकतंत्र और चुनाव आयोग को कभी गाली नहीं दी,

जबकि राहुल लोकतंत्र की प्रणाली पर सवाल उठाते रहते हैं. केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल कभी उलटफेर दिखाते हैं, लेकिन लोकतंत्र में हार-जीत स्वीकार करनी चाहिए. उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि राहुल गांधी लोकतंत्र और चुनाव प्रणाली को गाली देते हैं. जबकि भाजपा हमेशा संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करती है.

### चुनाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**मधुबनी.** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 06 नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर नेपाल से लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा सख्त कर दी गयी है. सूत्रों ने बताया कि भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जवानों को सीमा की सुरक्षा सख्त करने के निर्देश दिये गये है. प्रथम चरण में मधुबनी से सटे दरभंगा जिले में चुनाव हो रहा है. दरभंगा समेत अन्य जिलों में विधानसभा चुनाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा और भारत नेपाल के बीच चलने वाली नेपाली ट्रेन का परिचालन अन्य दिनों की तरह किया जा रहा है. विधानसभा चुनाव और भीड़भाड़ को देखते हुए जयनगर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये एसएसबी जवानों के साथ रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के अतिरिक्त जवान एवं राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) जवानों को तैनात किया गया है. जयनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राघव दयाल ने बताया पहले चरण के चुनाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है. स्टेशन अधीक्षक एसएल मीणा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए नेपाली ट्रेन में अतिरिक्त डिब्बे लगाए गए हैं. पूर्व की तरह ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है!

# अमेरिका ने भारतीय मूल व्यक्ति के निर्वासन पर रोक लगाई

- 40 साल जेल में रहने के बाद मिली न्यायिक राहत
- अमेरिकी अदालतों ने जेल में बंद भारतीय मूल के व्यक्ति की

**नयी दिल्ली, 05 नवंबर. अमेरिका की दो अलग-अलग अदालतों ने एक भारतीय मूल के व्यक्ति के निर्वासन पर रोक लगा दी है, जिसने एक ऐसी हत्या के लिए 40 साल से ज़्यादा जेल में बिताए जो उसने की ही नहीं थी. 64 वर्षीय सुब्रमण्यम सुबू वेदम को 1983 में अपने पूर्व रूममेट की हत्या का दोषी ठहराया गया था.**

लेकिन मामले में नए सबूत सामने आने के बाद उन्हें अक्टूबर में बरी कर दिया गया था. जेल से रिहा होने के तुरंत बाद उन्हें अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने हिरासत में ले लिया, जो उन्हें भारत प्रत्यर्पित करना चाहते हैं. वेदम के परिवार का कहना है कि उनका जन्म भारत में हुआ था लेकिन वे नौ महीने की उम्र में अमेरिका आ गए थे. वे अमेरिका के कानूनी स्थायी निवासी हैं और उनकी नागरिकता का आवेदन उनकी गिरफ्तारी से पहले ही स्वीकार कर लिया गया था. उन्हें वर्तमान में लुइसियाना के अलेक्जेंड्रिया में एक अल्पकालिक हिरासत केंद्र में रखा गया है.

पाकिस्तान की भेदभावपूर्ण हरकत | वीज़ा और अनुमति के बावजूद श्रद्धालुओं को लौटाया गया

# गुरु नानक जयंती पर पाकिस्तान ने हिंदू श्रद्धालुओं को रोका

**अमृतसर, 05 नवंबर. गुरु नानक देव की जयंती पर श्रद्धालु जत्थे के साथ गए 12 हिंदू तीर्थयात्रियों को पाक अधिकारियों ने वाघा सीमा पर रोक दिया, कहा — सिर्फ सिखों को अनुमति. गुरु नानक देव जी की जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को अटारी-वाघा सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंचा, लेकिन इस शुभ अवसर की खुशी तब मायूसी में बदल गई जब पाकिस्तानी अधिकारियों ने 12 हिंदू तीर्थयात्रियों को सीमा पार करने से रोक दिया.**



इन श्रद्धालुओं के पास वैध वीज़ा और सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे, फिर भी उन्हें हिंदू होने के कारण रोक दिया गया. यह जत्था एक बड़े सिख समूह के साथ ननकाना साहिब जाने वाला था. पाकिस्तान की इस कार्रवाई ने दोनों देशों के धार्मिक समुदायों में आक्रोश फैला दिया है. भारतीय अधिकारियों और धार्मिक संगठनों ने इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए पाकिस्तान की निंदा की है. पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो. लक्ष्मीकांत चावला ने इसे भारत में लोगों में फूट डालने का शर्मनाक प्रयास करार दिया और केंद्र सरकार से कठोर रुख अपनाने की मांग की. गुरु नानक देव जी की जयंती समारोह में भाग लेने के लिए भारत से रवाना हुए सिख तीर्थयात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को पाकिस्तान पहुंचा. इस दौरान 12 हिंदू तीर्थयात्रियों को वाघा सीमा पर रोक दिया गया.

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत : योगी

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के

# देव दीपावली पर देशवासियों को केजरीवाल ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, 5 नवबंर. देशभर में जब दीपों की आभा मंदिरों, घाटों और घरों को आलोकित करती है, तब हमारी आस्था और आशा-दोनों एक नए स्वरूप में जग उठती हैं। इस पावन अवसर पर अरविन्द केजरीवाल ने अपने सन्देश में देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं.**

प्रकाश और आस्था के इस पावन पर्व पर भगवान से प्रार्थना है कि हर जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार हो। इस शुभकामना-संदेश में न केवल उत्सव की भावनाएँ झलकती हैं, बल्कि एक सामाजिक सौहार्द्र और राष्ट्रीय



एकता का संदेश भी। जब कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली का त्योहार आता है, तो न सिर्फ़ दीपक जलते हैं बल्कि हमारी भीतर की आभा भी जगती है। इस वर्ष यह पर्व विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि लोग कठिनाइयों के बावजूद उम्मीद के दीप जलाकर आगे बढ़ाना चाहते हैं.